स्वतंत्र भारत
बरेली
लखनऊ, मंगलवार, 1० अगस्त 2०21

## आशा कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**बरेली।** आशा कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में जिला अधिकारी दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया। आशाओं की मांग है कि केंद्र सरकार द्वारा 6 माह के लिये 1०००० रुपये प्रतिमाह कोविंद महामारी भत्ता, प्रोत्साहन राशि देने, और सभी पुराने देयक के भुगतान करने की मांग की है आशा संघ की अध्यक्ष राम श्री गंगवार और उपाध्यक्ष शिववती साहू के नेतृव में आशाओं ने कहा कि कोरोना महामारी के समय अपनी जान जोखिम में डाल कर लोगो की जान बचाई है। उन्होंने कहा आशाओ के बीमा का कवरेज 59 वर्ष तक है। उसे बढ़ाकर 65 वर्ष किया जाये प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आशा विश्राम गृह बनाया जाये, शुगर, ब्लड प्रेशर और सांस के रोग से पीड़ित आशाओं की ड्यूटी न लगाए जाने समेत कई मांगें कीं।

## शहीदों को याद कर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया



**बरेली।** मदन मोहन वेलफेयर सोसाइटी सदस्यों ने सोमवार को शहीद चौक डीडी पुरम चौराहे पर अध्यक्ष सुधा सक्सेना ने अपने सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मूर्ति के आसपास की सफाई करते हुए मूर्ति पर माल्या अर्पण करते हुए शहीदों के नाम पर कुछ किए जलाकर उनको याद किया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुधा सक्सेना, मीडिया प्रभारी शेफाली सचदेव, सोनी सक्सेना सोनी मुदित सक्सेना रेनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी अल्पसंख्यक सभा ने पैदल मार्च निकाल आजम खान को रिहा करने की मांग की

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता और जौहर यूनिवर्सिटी के चांसलर व रामपुर के सांसद आजम खान के लिए, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा बरेली ने समाजवादी कार्यालय से लेकर डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर रिहाई की मांग की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम बरेली को सौंपा गया जिसमें समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष असलम खान ने देश के सर्वोच्च और प्रथम नागरिक राष्ट्रपति को ज्ञापन के द्वारा बताते हुए कहा की जिस तरह से केंद्र और प्रदेश की सरकार ने माननीय आजम खान साहब और उनके परिवार पर जिस तरह से झूठे मुकदमे जैसे भैंस चोरी, बकरी चोरी, किताबें चोरी का आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने का काम किया है, इससे अल्पसंख्यक समाज के साथ साथ दूसरे समाज के लोग भी इस अत्याचार की कड़ी निंदा करते हैं, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष असलम खान ने राष्ट्रपति से आजम खान की रिहाई की मांग की। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के मीडिया प्रभारी मोहम्मद फैजान रज़ा ने राष्ट्रपति से मांग की है कि रामपुर के सांसद आजम खान साहब के द्वारा रामपुर में देश के युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी कायम की जिसको प्रदेश सरकार के द्वारा बंद करवा दिया गया, उसको दुबारा चालू किया जाए ताकि छात्र-छात्राएं देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकें।




इस मौके पर मौजूद रहे डॉक्टर सदाकत हुसैन, मुशाहिद खान, जीशान खान, नसीम खान उर्फ राजा, यामीन खान, यासीन खान, मोइनुद्दीन, लखपत सुलतानी, इमरान खान,जावेद खान, अली शेर, सदाकत अली, शबाब रज़ा, नाजिम कुरैशी, अजहर खान, अतीक, माहिर, इमरान, सोनू रज़ा, राजा कुरैशी, अब्दुल्लाह कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# कोतवाली पुलिस ने किया बच्चा चोर गैंग का खुलासा

### पांच माह की बच्ची को किया बरामद, दो महिलाओं समेत तीन लोग गिरफ्तार

**बरेली।** कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है पुलिस ने चोरी की गई पांच माह की बच्ची को 24 घण्टे में सकुशल बरामद कर रिकॉर्ड कायम किया है। आठ अगस्त की रात कोतवाली क्षेत्र के दामोदर पार्क के पास 11 बजे लगभग एक महिला अपनी 5 माह की बच्ची के साथ सो रही थी कि कुछ लोगों ने जिसमें एक पुरूष और 2 महिलाये शामिल थीं आकर उसके बच्चे को उठा लिया और लेकर फरार हो गयी। जब बच्ची चोरी की जानकारी महिला व अन्य को हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। हताश महिला ने कोतवाली पुलिस को बच्चा गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी रविन्द्र कुमार ने टीम गठित कर बच्ची की तलाश में जगह जगह दबिश दी और प्रदूम यादव पुत्र प्रताप यादव रीना यादव पत्नी महावीर यादव, निवासी लाल फाटक और गीता सक्सेनाको मिशन चौराहे से गिरफ्तार कर उनके पास से गायब बच्ची को बरामद किया। पुलिस की तत्परता से बच्ची को कुछ समय में ही बरामद करने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस टीम में दरोगा प्रवीण कुमार, कांस्टेबल बलवेंद्र, शिवाली रानी और प्रियंका शामिल रहे।



# सपा का 'हर बूथ पर यूथ' अभियान की प्रदेश सचिव ने की समीक्षा

**बरेली।** समाजवादी पार्टी की शान यूथ ब्रिगेड के शानदार प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अनीस राजा के आदेश पर आज हर बूथ पर यूथ अभियान के अन्तर्गत,हर बूथ करेंगे मजबूत इन्हें संकल्पों के साथ मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड बरेली जिले की समीक्षा बैठक संपन्न समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि आदरणीय बड़े भाई अजीत प्रताप सिंह प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड उपस्थित रहे।



इस अभियान के ज़रिए युवाओं को संगठन को मजबूत करने एवं समाजवादी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने एवं बूथ स्तर तक पार्टी को मज़बूत करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष युवजन सभा गजेंद्र कुर्मी, जिला अध्यक्ष छात्र सभा मुकेश यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी भाई भुवनेश यादव, जोहिब हैदर सलमान हैदर, रियाज अहमद सलमान खान, राशिद खान, गौरव यादव, शिव यादव, मनीष कुमार मुशाहिद खान, बिलाल खान, राशिद खान, अमर, काले वाल्मीकि अविनाश आदि लोग मौजूद रहे।

# नौगवां भगवंतपुर में धान खरीद में माफियाओं पर कार्यवाही नहीं हुई तो यूनियन करेगी घेराव

**क्योलड़िया।** ब्लाक परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक हुई। जिसमें किसानों ने गन्ने की पेमेंट समेत तमाम समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित एक ज्ञापन ब्लाक अधिकारियों को सौंपा। इस दौरान किसानों ने नौगवां भगवंतपुर में धान खरीद में धांधलेबाजी में माफियाओं पर कार्यवाही नहीं करने पर विरोध जताया। कहा कि माफियाओं पर अगर कार्यवाही नहीं हुई तो एक विशाल धरना देने को किसान विवश होंगे।



सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की क्योलड़िया ब्लाक परिसर में मासिक बैठक हुई। जिसमें भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने गन्ने की पेमेंट का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। यूनियन के तहसील अध्यक्ष हीरालाल गंगवार ने कहा कि अभी तक चीनी मिलों ने किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया है जिसके चलते किसान परेशान हैं। उन्हें पेमेंट नहीं होने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्योलड़िया डैम का पानी रोककर मछली का शिकार को भी अवैध बताते हुए तत्काल रोक की मांग की। किसानों ने कहा कि डैम पर मछली का शिकार को माफिया डैम के पानी को रोक देते हैं। जिससे किसानों को सिंचाई को पानी के अलावा खेतों के कटान की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा किसानों ने क्योलड़िया के नौगवां भगवंतपुर धान खरीद में धांधलेबाजी का मुद्दा भी जोर शोर से उठाया। कहा कि जांच अधिकारी माफियाओं पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। अगर सभी दोषी माफियाओं पर कार्यवाही नही हुई तो मजबूरन यूनियन अधिकारियों का घेराव करेगी। आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग भी किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से की। मीटिंग के बाद किसानों ने ज्ञापन दिया। इस मौके पर सुखपाल, सूर्यप्रकाश, अविनाश कुमार,पुत्तू लाल,रामबहादुर, पोशाकीलाल, मेवाराम, नरेश पटेल आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के जनप्रतिनिधि कर रहे जनता की अनदेखी: सैफ वली



**बरेली।** कैंट विधान सभा से संभावित प्रत्याशी सैफ वली खान मलूकपुर में जाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं से रुबरु हुए। कहा कि यहां के स्थानीय लोग जलभराव और गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं से निजात नहीं दिला पा रहा है। कहने को बरेली शहर स्मार्ट सिटी है, लेकिन जमीनी हकीकत शहर में जलभराव और गंदगी की तस्वीर साफ बयां कर रही है। कहा कि अगर जनता उन्हें मौका देती है तो सबसे पहले लोगों की ऐसी ही तमाम समस्याओं को दूर करेंगे। सैफ वली खां ने वहीं आगामी 2०22 चुनाव को लेकर कहा कि यूपी की जनता ने सपा सरकार का विकास देखा है, इसलिए आज यूपी की जनता का सपा पर भरोसा फिर से कायम होने लगा है। आगामी चुनाव में सपा को ही भाजपा से मुकाबला करते हुए देखा जाएगा। भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार आम आदमी को कोई लाभ नहीं मिल सका, महंगाई में उसकी कमर तोड़ दी है।

### तहसील गेट के सामने झूलते तार हादसे का कर रहे इंतजार

**फरीदपुर।** बिजली विभाग की लापरवाही से कस्बे में तारों का मकड़जाल है, झूलते तारों को हादसे का बेसब्री से इंतजार है, बिजली के तारों से आए दिन होते हैं हादसे, लेकिन बिजली विभाग के अपने अलग है रास्ते,दर्जनों जानवर और लोग जर्जर तारों ने समेट लिए, फिर भी बिजली विभाग को हादसे कम हुए।

बता दे योगी सरकार के 24 घंटे निर्बाधबिजली आपूर्ति को विभागीय अधिकारियों ने पलीता लगा दिया संविदा कर्मियों को लगाकर बिजली आपूर्ति का सिस्टम बिगाड़ दिया बिजली विभाग से आहत होकर व्यापारियों ने जगह जगह जनरेटर लगवा कर बिजली का इंतजाम करा है बिजली विभाग और जनरेटर के तारों ने मकड़जाल बना दिया है नगर के मोहल्ला साहूकारा और मेन मार्केट मैं तारों का मकड़जाल है तहसील गेट के सामने झूलते तारों को बड़े हादसे का इंतजार है तहसील गेट के सामने दुकानों पर दिन भर जुड़ता है ग्राहकों का जखीरा झूलते तार किसी दिन ग्राहकों का बना देंगे खमीरा फिर होगा बिजली विभाग पर मुकदमा दर्ज लेकिन फिर भी खत्म नहीं होगी मकड़जाल की मर्ज मोहल्ला परा जाटवान मैं सीता राम कश्यप की दुकान से ट्रांसफार्मर तक जर्जर तार झूल रहे विभागीय कर्मचारी दर्जनों बार मोहल्ला परा में बाइक से घूम रहे लेकिन नजर नहीं आते हैं जर्जर तार उन्हें भी रहता है बड़े हादसे का इंतजार अगर तार बदल दिए तो चोरों से कर्मियों के महीने बंद हो गए।

# बरेली में इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट का शुभारंभ

**बरेली।** इंस्टिट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट का उद्घाटन सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम के द्वारा हुआ। इवेंट इंडस्ट्री की युवा विशेषज्ञ सुश्री श्वेता कुमार और विशाल शर्मा ने बरेली, रोहिलखंड में पहला इवेंट मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट खोलने के लिए यह बड़ी पहल की है। उन्हें वर्ष 2०2०-2०21 में युवा उद्यमी के लिए इंडियन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।




इस मौके पर अध्यक्ष और सीईओ श्वेता कुमार और विशाल शर्मा ने बताया कि इस इंस्टीटयूट के द्वारा बरेली छात्रों को शिक्षा की गुणवत्ता हासिल करने और आगे के बेहतर भविष्य के लिए नए अद्भुत इवेंट मैनेजमेंट कौशल का अभ्यास करने का शानदार अवसर मिलेगा। श्वेता कुमार ने कहा कि मुझे लगता है, इवेंट जीवन रचनात्मकता और जुनून से भरा है। यदि किसी के पास अपनी रचनात्मकता को सीमा से आगे ले जाने की ऊर्जा है, तो वह एक सफल इवेंट एंटरप्रेन्योर बन सकता है। इसी से आईईएम अपने छात्रों की मदद करता है। इवेंट मैनेजमेंट दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है।

आईएएम को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया है जो उनकी सेवा की गुणवत्ता को साबित करते हैं। उन्होंने उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी अध्ययन संरचना तैयार की है, जो उनके छात्रों को इवेंट्स में किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाएगी आईइएम ने बड़ा बिजनेस और डिजिपरफॉर्म दो सफल कंपनियों के साथ साझेदारी की है, जिसके माध्यम से उन्हें इवेंट मैनेजमेंट में गहन अध्ययन संरचना और उद्यमिता और डिजिटल मार्केटिंग का बुनियादी जान सोखने को मिलेगा। वे अपने छात्रों को अपना करियर शुरू करने के लिए सौ प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करते हैं।

# आईटीआई प्रिंसिपल ने दबंग अध्यापकों की लगाई बेड एंट्री, विद्यार्थियों से वसूली और दबंगई का मामला

**फरीदपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रिंसिपल की अनुपस्थिति में छात्र छात्राओं से अवैध वसूली और दबंगई पर आखिरकार 3 अध्यापक दोधारी तलवार के शिकार हो गए प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों से वसूली और दबंगई पर तीनो अध्यापकों की वेड एंट्री लगा दी है जो प्रमोशन के समय कैंसर से भी ज्यादा घातक बनेगी कार्यवाही से समूचे अध्यापक खेमे में खलबली मची हुई है अध्यापकों की क्षमा याचना के बाद भी प्रिंसिपल नहीं पसीजे उन्होंने तीनों दोषी अध्यापकों के कैरियर पर गाज गिरा दी।




बता दे विगत दिवस फरीदपुर के एसडीएम कॉलोनी स्थित आईटीआई कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बृजेश कुमार, नीलम रेखा पाल राजेश यादव सहित चार अध्यापकों पर 3००० की अवैध वसूली और अभद्रता का आरोप लगाया था प्रिंसिपल की अनुपस्थिति में दर्जनों छात्र छात्राओं ने छात्र नेताओं के साथ लिखित शिकायत का पुलिंदा तहसीलदार को दिया था प्रिंसिपल उस समय बीमारी से ग्रस्त होकर अवकाश पर थे। समाचार पत्रों में आईटीआई कॉलेज का मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रिंसिपल ने कॉलेज पहुंचकर पीड़ित बच्चों के बयान दर्ज किए जांच के दौरान 3 अध्यापक दोषी पाए गए जिनमें बृजेश कुमार नीलम और रेखा पाल शामिल थे सोमवार को प्रिंसिपल के तेवर सातवें आसमान पर पहुंच गए उन्होंने तीनों अध्यापकों के करियर में बैड एंट्री का ग्रहण लगा दिया जो अन्य अध्यापकों के लिए चेतावनी और दोषी पाए गए अध्यापकों के 1 वर्ष के बाद प्रमोशन में कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक बनेगा।

> जांच में दोषी पाए गए अध्यापकों के खिलाफ बेड एंट्री की कार्रवाई की है जो अन्य अध्यापकों को सबक होगा।-
> **डॉ राजवीर सिंह प्रधानाचार्य**

# युवा चित्रकार अपूर्व अग्रवाल 'युवा सोच रत्न पुरस्कार-2०21' से सम्मानित

**बरेली।** युवा सोच भारत रिसर्च एसोसिएशन ने युवा सोच दिवस के अवसर पर युवा सोच रत्न पुरस्कार का आयोजन किया जिसमें पूरे भारत वर्ष से 12० प्रतिभाशाली व्यक्तियों का नामिनेशन किया गया था। जूरी मैंबर्स द्वारा दिए गए वोटों के आधार पर अट्ठाईस राज्यों के 1०1 अवार्डियों का चयन किया गया है। कोविड-19 को देखते हुए कार्यक्रम वर्चुअल रखा गया, जिसमें देश की जानी मानी हस्तियां उपस्थित रही, मुख्य अतिथि आईआरएस अमनप्रीत ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स, विशेष अतिथि- मेजर जनरल पीके सहगल, कर्नल अशोक तारा (वीर चक्र) उपस्थित रहे।




अपूर्व अग्रवाल अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर एक चित्रकार हैं, यह विश्व पटल पर अनेकों विभिन्न विषयों व महत्वपूर्ण मुद्दों पर अनेकों पेंटिंग्स बनाकर विश्व जागरूकता की ओर प्रयास कर रहे हैं। इन्होंने भारतीय देशभक्ति व कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम पर आधारित विशालकाय पेंटिंग्स बनाकर विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किए हैं। इनको अनेकों राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा भी जा चुका है। वर्ष 2०13 में इनका नाम देश के सर्वोच्च नागरिक पद्म पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया था द्य अभी हाल ही में उन्हें एशिया प्राइड अवार्ड 2०21 से सम्मानित भी किया गया है। इनके कार्यों अर्जित उपलब्धियों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी व श्रीमती प्रतिभा पाटिल, पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी सहित देश के अनेकों राज्यों के राज्यपालों व मुख्यमंत्री गणों द्वारा भी सराहना व प्रशंसा की जा चुकी है।

# पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भुता।** थाना क्षेत्र के ग्रामों में थाना भुता की पुलिस ने छापामारी करके पिछले लगभग एक महीने के अंदर दर्जनों शराब तस्करों को भारी मात्रा में शराब तथा लाहन को जमीन के अंदर से बरामद करने के बाद नष्ट करके जेल भेजा जा चुका है। यहां तक की पुलिस ने इस धंधे में लिप्त फैजनगर निवासी एक महिला को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है।

इसके बावजूद भी यह शराब तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और अभी भी चोरी छुपके अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने का धंधा जोरो से कर रहे हैं। और यह शराब का धंधा अभी तक रुक नहीं पा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र में शराबियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है। यही नहीं यह शराब तस्कर अपने कच्ची शराब सरकारी दुकानों के सेल्समैंनो को भी देकर धड़ल्ले से चोरी चुपके बिक्री करवा रहे हैं। इस कच्ची शराब बिक्री का जो भी पैसा मिलता है ,उसको आधा सेल्समैन तथा बनाने वाला शराब तस्कर आधा-आधा बांट लेते हैं। यहां क्षेत्र में कच्ची शराब निकालकर बिक्री करने बाले शराब तस्करों की नामी ग्राम मटका पुर, अहिरौला मंगरासा, फैजनगर, नगरिया, हरदाह , अलीगढ़ गोंटीया, सहित दर्जनों ग्राम है। इन शराब तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने पिछले शुक्रवार को फिर छापामारी करके तीन शराब तस्करों को पकड़ कर उनके पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद करने के बाद जेल भेज दिया है। इसके बावजूद यह शराब तस्कर पुलिस की इतनी बड़ी कार्रवाई किए जाने के बावजूद भी शराब का धंधा करने वाले पुलिस को रोकने के लिए चुनौती दे रहे हैं।

# सपा संभावित प्रत्याशी धरना स्थल पहुंचा, दी 5000 की आर्थिक मदद

**फरीदपुर /फतेहगंज पूवी।** नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के बर्खास्त संविदा कर्मी राधेश्याम का पत्नी समेत सातवें दिन भी धरना जारी रहा 122 विधानसभा संभावित प्रत्याशी राजेश कश्यप अपनी टीम अजीत यादव ,सुनील यादव ,दीपू कश्यप ,सोनू कश्यप सहितधरने की भनक पर पचौमी स्थित पंचेश्वर नाथ शिव मंदिर पर सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के बाद धरना स्थल पर पहुंच गए और आंदोलनरत कर्मचारी की पत्नी सुनीता बाल्मीकि को 5००० की आर्थिक मदद की और भविष्य में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया राजेश कश्यप गरीबों की मदद करके कोरोना काल में ही सूर्य के तेज की तरह चमकने लगे थे उन्होंने बहादुरपुर गांव के एक व्यक्ति को अपना खून देकर उसकी जिंदगी बचाई थी। उसी दरमियान सपा का संभावित प्रत्याशी विधानसभा में सुर्खियों में आ गया।



और गरीबों का मसीहा बनकर विधानसभा में छा गया।

बता दे थाना फतेहगंज पूर्वी कि नगर पंचायत राजनीतिक दलों की चपेट में सदा से रही है राधेश्याम बाल्मीकि वार्ड नंबर 3 में संविदा पर सफाई कर्मी के रूप में नियुक्त था लेकिन नगर पंचायत चेयरमैन को रास नहीं आया राजनीतिक रंजिश के चलते वह चेयरमैन के कोप का शिकार हो गया तब से उसकी आर्थिक स्थिति की नाव डगमगा गई संविदा कर्मी ने पुनः नौकरी पाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाया लेकिन व्यर्थ रहा उसका वेतन भी नहीं मिला आर्थिक तंगी से जूझने के बाद उसने पत्नी समेत आंदोलन का रास्ता पकड़ लिया और नगर पंचायत गेट पर भूख हड़ताल पर बैठ गया आज उसका सातवां दिन था 122 विधानसभा फरीदपुर के संभावित प्रत्याशी राजेश कश्यप तोरहा धरना स्थल पर पहुंचे हौसला बढ़ाया और आर्थिक मदद भी की।